## महत्वपूर्ण एवं खास

### सौर जनजाति का फोटो हैण्डबुक होगा तैयार

**रायगढ़।** संचालनालय आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा, रायपुर द्वारा सौर जनजाति का फोटो हैण्डबुक तैयार किया जाना है। जिसका कार्य कार्यालय उप संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, क्षेत्रीय इकाई बिलासपुर को आबंटित किया गया है। जनगणना 2011 के अनुसार जांजगीर-चांपा और रायगढ़ जिले में यह जनजाति निवासरत है। स्थानीय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग व मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी में जिले में इन जनजाति से संबंधित परिवार के निवासरत होने संबंधी प्रमाण नहीं मिले है। अतः जिले में निवासरत सौर जनजाति से संबंध रखने वाले परिवार/व्यक्ति से आग्रह किया जाता है कि कार्यालय, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, क्षेत्रीय इकाई, बिलासपुर मोबा.नं. 8889729886, 9993646048 में संपर्क करें ताकि उक्त जनजाति का फोटो हैण्डबुक तैयार किया जा सके।

### जमीन विवाद में देवर ने भाभी पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला,मामला दर्ज

**बिलासपुर (आरएनएस)।** कोनी क्षेत्र के बिरकोना में जमीन विवाद में देवर ने अपनी भाभी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मुकेश साहू जांजगीर जिले में स्थित निजी कंपनी में काम करते हैं। वे तीन दिसंबर को अवकाश पर बिरकोना स्थित घर आए हैं। मंगलवार की सुबह छह बजे उनकी मां कैलाश साहू टहलने के लिए बाहर गई थीं। जब वे लौटीं तो घर के सामने उनका देवर ओमप्रकाश अपनी पत्नी रंगदेवी के साथ खड़ा था। दोनों के हाथ में धारदार हथियार थे। कैलाश देवी के घर के सामने पहुंचते ही दोनों ने जमीन विवाद को लेकर उनसे विवाद शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर पति-पत्नी ने महिला पर हमला कर दिया। जानलेवा हमला करने के बाद पति-पत्नी भागकर अपने घर में जाकर छिप गए। मुकेश ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देकर आहत मां को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### रायपुरा में गंदगी फैलाने पर 15 ठेलों पर 910 रूपये का जुर्माना

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर निगम रायपुर के जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग ने जोन कमिष्नर अरूण ध्रुव के निर्देष पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जोन के तहत रायपुरा मुख्य मार्ग में गंदगी फैलाने की जनषिकायत निरीक्षण के दौरान सही मिलने पर 15 ठेला संचालकों पर भविष्य के लिए कडी चेतावनी देते हुए 910 रू. का जुर्माना वसूला। इन ठेले संचालकों से जोन की टीम ने लगभग 2 किलो प्रतिबंधित पॉलीथीन जप्त किया। जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन के तहत अषोक नगर में रहवासी क्षेत्र में संचालित 2 डेयरियों के संबंधित संचालकों को शीघ्र रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर स्वयं के व्यय पर डेयरी को षिफ्ट करने के निर्देष दिये। अन्यथा अभियान चलाकर डेयरी को बंद कराने की संबंधितों को चेतावनी दी ।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डाइट धरमजयगढ़ में प्रारम्भ : तीन चरणों में होंगे आयोजित

**» जिले के सभी 348 सीएसी को दिया जाएगा नवाजतन का प्रशिक्षण**



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोरोना काल के समय 18 माह तक बंद स्कूल से बच्चों के लर्निंग लॉस की भरपाई के लिए राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ.कमलप्रीत सिंह तथा संचालक एससीईआरटी राजेश सिंह राणा ने नवा जतन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवाजतन कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के वर्तमान कक्षा स्तर का ज्ञान और पूर्व कक्षाओं में हुए लर्निंग लास के लिए उन्हें नवाजतन कार्यक्रम के तहत उपचारात्मक शिक्षण सेतु पाठ्यक्रम 2.0 दिया जाएगा।

राज्य स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय नवा जतन उपचारात्मक प्रशिक्षण कार्यशाला में दिए गए विभिन्न विषयों पर आधारित उपचारात्मक शिक्षण बच्चों के शैक्षिक स्तर में गिरावट, बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान, मूल्यांकन, निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण सीखने की चुनौती, मॉनिटरिंग, कार्य योजना सीखने के लिए कैसे सीखे, अवधारणा, समाज और कौशल विकास, उर्जा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास कार्य योजना पर दिए गए नवा जतन अभियान को विद्यालयों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न चरणों में संकुल समन्वयक एवं पीएलसी सदस्य को उपचारात्मक शिक्षण की जानकारी जिला स्तर डाइट में प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिया गया है। जिससे वह विषय आधारित अधिगम तथा बच्चों के लर्निंग लॉस की पूर्ति कर वर्तमान कक्षा स्तर को बनाए रखेंगे। बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से समझकर सीखने का अवसर मिलेगा।

**रायगढ़ जिले में प्रशिक्षण डाइट आज से प्रारंभ**

राज्य स्त्रोत समूह स्त्रोत शिक्षक भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा संतोष पटेल, व्याख्याता, डाइट, सत्येंद्र बसंत, सीएसी भिखमपुरा एवं राजकुमार पटेल सीएसी, पुटकापुरी द्वारा राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के 348 सीएसी को डाइट धरमजयगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रशिक्षण उपरांत सीएसी द्वारा अपने संकुल अंतर्गत कक्षा पहली से आठवीं तक के अध्यापन करने वाले शिक्षकों को नवा जतन का प्रशिक्षण देकर लर्निंग लॉस की भरपाई की जाएगी।

**जिले के सभी सीएसी का तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण**

प्रथम चरण में विकासखंड धरमजयगढ़, खरसिया एवं पुसौर 08 एवं 09 दिसम्बर, द्वितीय चरण में विकासखंड लैलूंगा, तमनार एवं बरमकेला, 10 एवं 11 दिसम्बर, तृतीय चरण में विकासखंड सारंगढ़, रायगढ़ एवं घरघोड़ा 12 एवं 13 दिसम्बर को सीएसी प्रशिक्षण में भाग लेंगे। प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुभारंभ 8 दिसम्बर 21 को डाइट धरमजयगढ़ में प्राचार्य अनिल पैंकरा डाइट के व्याख्याता एवं राज्य स्त्रोत शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया।

**भविष्य का लक्ष्य एससीईआरटी द्वारा**

एससीईआरटी संचालक राजेश सिंह राणा ने कहा कि मार्च 2022 तक सभी बच्चों को कक्षा स्तर तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में राज्य से लेकर जिला, विकासखंड एवं संकुल स्तर के अधिकारी मॉनिटरिंग कर बच्चों के योग्यता स्तर का परीक्षण करेंगे एवं लर्निंग लॉस को तय समय-सीमा में पूर्ण कराएंगे। सभी जिले में कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी बच्चों में आगामी मार्च 2022 तक उपचारात्मक शिक्षण से बच्चों के कक्षा योग्यता स्तर को प्राप्त किया जाएगा।

## ग्राम कोतमरा में सारंगढ़ पुलिस की छापेमारी कर पकड़ा गया 30 लीटर महुआ शराब

**» घर पर अवैध शराब बेचे जाने की सूचना पर की गई कार्रवाई**



**रायगढ़।** थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में आज दिनांक 08.12.2021 को सारंगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कोतमरा का जय प्रकाश बघेल घर पर अवैध रूप से शराब बेचे जाने की सूचना पर रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम द्वारा जय प्रकाश बघेल पिता गिरी राम बघेल उम्र 42 वर्ष साकिन कोतमरा थाना सारंगढ़ से अवैध शराब बिक्री करने के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर महुआ शराब बेचना स्वीकार कर घर के आंगन में रखे एक सफेद कलर के प्लास्टिक बोरी के अंदर छिपाकर रखे 30 लीटर महुआ शराब कीमती 3000 रूपये का लाकर पेश किया जिसे पंचनामा तैयार कर जप्ती की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धरा 34(2)59क आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्रवाई में थाने के प्रधान आरक्षक परासमणी बेहरा, आरक्षक चन्द्रशेखर चन्द्राकर, विपिन किशोर खलखो तथा महिला आरक्षक शकुंतला जायसवाल शामिल थे है।

## जी.जी. कैफे में हुक्का बार संचालन की सूचना पर कोतवाली पुलिस की रेड

**» हुक्का पॉट, तम्बाकू युक्त सामग्री की जप्ती, संचालक पर हुई कार्यवाही**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में शहर के कोतरारोड़ स्थित फूडिंग की आड़ में नवयुवकों को तम्बाकू युक्त हुक्का पिलाए जाने की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया है।

दिनांक 07/12/2021 की रात्रि थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को सूचना मिली कि जी.जी कैफे में फूडिंग की आड़ में हुक्का बार का संचालन किया जा रहा है जिस पर थाना प्रभारी द्वारा एसपी एवं एएसपी को सूचना देकर उनके निर्देशन पर थाने के सब इंस्पेक्टर बी.एस. डहरिया, हेड कांस्टेबल श्याम देव साहू एवं स्टाफ के साथ जी.जी. कैफे जाकर रेड कार्रवाई किया गया। जहां कैफे का संचालक दीपक अग्रवाल तंबाकू फ्लेवर युक्त हुक्का लोगों को पिलाते मिला जिस पर संचालक को टीआई नागर द्वारा नोटिस देकर हुक्का बार चलाने का लाइसेंस पेश करने कहा गया, संचालक हुक्का बार चलाने का कोई दस्तावेज का होना नहीं बताए जाने पर संचालक दीपक अग्रवाल पिता स्वर्गीय विनोद अग्रवाल उम्र 27 साल निवासी रेलवे बंगला पारा कोतवाली के कब्जे से एक हुक्का पॉट, पाईप, 7 नग तंबाकू युक्त हुक्का का फ्लेवर की जब्ती की गई। संचालक के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 4/21, 6/24 सिगरेट व अन्य तमाकू अधिनियम 2003 (कोटपा एक्ट ) के तहत इस्तगासा तैयार कार्यालय पेश किया गया है। इसके पहले भी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में ऐसे अवैधानिक हुक्का बार पर कार्रवाई की गई है।

## धान की नमी का करें मापन, धान की तौलाई का रखें विशेष ध्यान : कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने धान उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज पुसौर ब्लाक के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा व सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी साथ रहे। कलेक्टर सिंह कोड़ातराई-जकेला के धान उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण पर पहुंचे। उपार्जन केन्द्र में धान की तौलाई कर वजन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की निर्धारित मात्रा में तौलाई के लिए छोटे बाट की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां उपस्थित किसानों से उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था की जानकारी ली। ग्राम कोड़ातराई निवासी धनंजय सिंह, ग्राम लोहर सिंह निवासी श्याम सुंदर नायक तथा बेलपाली निवासी विजय लाल पटेल ने बताया उपार्जन केन्द्र में सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने हमाल की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया। जिस पर कलेक्टर सिंह ने प्रबंधक मनोज गुप्ता से हमाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान की क्वालिटी, स्टेकिंग तथा वर्तमान में उपलब्ध बारदानों की जानकारी ली। जिस पर प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में दस हजार बारदाना उपलब्ध है। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह धान उपार्जन केन्द्र तेतला का निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्होंने धान की नमी का मापन करवाया। पूर्व में तौले गए धान बोरो का उन्होंने वजन करवाया। उन्होंने तेतला निवासी खीरसागर गुप्ता एवं सुर्री निवासी कृष्ण चंद पटेल से उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था पर चर्चा की। किसानों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है। टोकन सही समय में वितरित एवं तौल का कार्य सही समय में किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने बारदानों की स्थिति की जानकारी ली। जिस पर समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि 40 हजार बारदाने उपलब्ध है। इसके बाद कलेक्टर सिंह ने धान उपार्जन केन्द्र छिछोर उमरिया का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मिलर्स के द्वारा धान उठाव की जानकारी ली। प्रबंधक द्वारा बताया कि उपार्जन केन्द्र से धान उठाव प्रारंभ किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने कोतासुरा निवासी कृषक गुणनिधि से चर्चा की, उन्होंने हमाल की संख्या बढ़ाने की बात रखी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में हमालों की व्यवस्था करने के साथ किसानों की सुविधा के लिए पेयजल व बैठक व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक आपदा से तीन लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत




**रायगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ अनुविभाग अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से 3 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित एसडीएम द्वारा मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-जतरी तहसील पुसौर के कु.सोनम उर्फ सोनी निषाद की 16 जून 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता-पूनम निषाद को 4 लाख रुपये, तहसील बरमकेला के ग्राम-अमुर्रा निवासी ललित बारीक की 16 जून 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सबिता बारीक को 4 लाख रुपये तहसील पुसौर के ग्राम-जामपाली निवासी सीताराम की 8 फरवरी 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र नारायण सोनी को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## पुरी-अहमदाबाद एक्स. एवं पूरी-सूरत साप्ताहिक एक्स. की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन



**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए मध्य रेलवे के भुसावल रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले चार स्टेशनों की समय सारणी आंशिक परिवर्तन किया गया है । यह समय सारणी 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस / 22827 पूरी-सूरत साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की समय सारणी आंशिक परिवर्तन किया गया है।

12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस( सप्ताह में चार दिन) पहले नांदुरा स्टेशन पर 19:29 बजे पहुंचकर 19:30 बजे रवाना होती थी अब इस गाड़ी की संशोधित समय सारणी के अनुसार यह गाड़ी 19:39 बजे पहुंच कर होकर 19:40 बजे रवाना होगी एवं मलकापुर स्टेशन पर पहले यह गाड़ी 19:48 बजे पहुंचकर 19:50 बजे रवाना होती थी संशोधित समय सारणी के अनुसार मलकापुर स्टेशन पर 20:03 बजे पहुंचकर 20:05 बजे रवाना होगी।

22827 पूरी-सूरत साप्ताहिक एक्सप्रेस पहले भुसावल स्टेशन पर 20:45 बजे पहुंचकर 20:50 बजे रवाना होती थी यह संशोधित समय सारणी के अनुसार 21:00 बजे पहुंचकर 21:05 बजे रवाना होगी एवं जलगांव स्टेशन पर पहले 21:22 बजे पहुंचकर 21:25 बजे रवाना होती थी नई संशोधित समय सारणी के अनुसार यह गाड़ी 21:27 बजे जलगांव पहुंचकर 21:30 बजे रवाना होगी।

## गोठानों में बढ़ाए पैरादान : कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने पुसौर विकासखंड के गोठानों का किया निरीक्षण**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने पुसौर ब्लाक के गोठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ग्राम सूपा स्थित गोठान के निरीक्षण में पहुचे। इस दौरान उन्होंने कार्यरत महिला समूह से चर्चा एवं उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। जिस पर महिलाओं ने बताया कि वर्तमान में गोठान में 12 महिला समूह कार्यरत है। जिसके माध्यम से वर्मी खाद निर्माण, सब्जी-भाजी एवं आलू की फसल लिया जा रहा है। सभी महिलाएं सामूहिक गतिविधियों से खुश है एवं उनके समूह के कार्य हिसाब से राशि वितरित की जाती है। वर्तमान में मुर्गी शेड का निर्माण किया जा रहा है, जिसके बाद मुर्गी पालन का कार्य समूह द्वारा प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गोठान में स्थित चारागाह में हरे चारे की जानकारी ली। जिस पर गोठान समिति द्वारा बताया कि चारागाह में नेपियर एवं मक्का लगाया गया था। जिसकों चाप कटर के माध्यम से काट कर पशुओं को खिलाया जा रहा था। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने गोठानों में पैरा दान की स्थिति की जानकारी ली। गोठान समिति द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में धान कटाई कार्य में तेजी आने पर पैरादान में तेजी आएगी। कलेक्टर सिंह ने समूह द्वारा उत्पादित फसल का निरीक्षण किया तथा उसके ब्रिकी के संबध में जानकारी ली। समूह ने बताया कि उत्पादित फसल को स्थानीय बाजार में ब्रिकी की जाती है। उन्होंने चरवाहे से गोठानों में आने वाली पशुओं की संख्या की जानकारी ली। जिस पर चरवाहे ने बताया कि वर्तमान में गोठान में 150 पशु आ रहे है। इसके साथ ही उनके द्वारा गोबर संग्रहण एवं ब्रिकी का कार्य भी किया जा रहा है। जिससे अच्छी राशि प्राप्त हो रही है। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह छिछोर उमरिया स्थित गोठान पहुंचे। यहां उन्होंने महिला समूह से चर्चा कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। इस समूह द्वारा बताया कि वर्तमान में 2 समूह कार्यरत है। जो आलू, प्याज और मुर्गीपालन का कार्य कर रही है। गोठान के रिक्त क्षेत्र में अन्य फसल लगाने की योजना है, इसके साथ ही आगामी दिनों में समूह द्वारा अन्य गतिविधियां भी बढ़ाई जाएगी। जिससे समूह को और अधिक लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर सिंह ने महिला समूह द्वारा वर्मी खाद निर्माण एवं विक्रय की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को समूह की शेष राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए।

**श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण**

कलेक्टर भीम सिंह द्वारा पुसौर स्थित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण भी किया। वहां उन्होंने धन्वंतरी मेडिकल स्टोर के माध्यम से लाभान्वित मरीजों की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धन्वंतरी में दवाई की उपलब्धता एवं दवाई की ब्रिकी के संबध में जानकारी ली। मेडिकल संचालक द्वारा बताया कि वर्तमान में बेहतर ब्रिकी हो रही है। कलेक्टर सिंह ने संचालक से मेडिकल किट बनाने के निर्देश दिए।

**बेलर मशीन के कार्य को भी देखा**

कलेक्टर सिंह ने ग्राम सूपा में धान कटाई के पश्चात खेत के पैरा को बेलर मशीन के माध्यम से संग्रहण एवं रोलिंग के किए जा रहे कार्य को देखा। कलेक्टर सिंह ने पैरा संग्रहण एवं रोलिंग पैरा को गोठानों में व्यवस्थित रूप से रखने के लिहाज से बेहतर कहते हुए और बेलर मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे गोठानों के लिए पैरा संग्रहण में पर्याप्त सहायता मिल सके।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480